बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद्

परिवेश भवन, पाटलिपुत्र औद्योगिक क्षेत्र, पटना–800 010

दूरभाषनं0: 0612–2261250 / 2262265, फैक्स: 0612–2261050

पत्रांक– 18559.   पटना, दिनांक:– 02.01.25

अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना

बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् एक नियामक संस्था है, जो बिहार राज्य में पर्यावरणीय प्रदूषण नियंत्रण से संबंधित कार्यों का निर्वहन करती है। इसके तहत जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1974 एवं वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के तहत जल एवं वायु प्रयोगशाला स्थापित किया गया है। वायु प्रयोगशाला में परिवेशीय वायु, चिमनी उत्सर्जन, ध्वनि प्रदूषण की जांच की जाती है।

केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, दिल्ली द्वारा दीपावली, 2024 के दौरान उपयोग किये जाने वाले पटाखों/आतिशबाजीयों से होने वाले पर्यावरण की क्षति का आकलन करने हेतु परिवेशीय वायु गुणवत्ता की जांच के लिए निर्देशित किया गया था। इस हेतु ई.पी.एम. 2000 (व्हाटमैन फिल्टर पेपर, 8"x10") तथा मेमब्रेम फिल्टर PTFE , 47 mm का उपयोग किया गया है। इसमें EPM 2000 filter paper में heavy metals यथा Pb, Ni, तथा As, का एवं PTFE filter paper में Al, Ba तथा Fe आकलन किया जाना है।

इस हेतु बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद्, पटना निवेदकों से सील बंद लिफाफे में अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रित करती है। निवेदक द्वारा स्वहस्ताक्षरित न्यूनतम दर पर लेटर पैड में अंकित कर मोहर बंद लिफाफे में दिनांक–03.01.2025 के अपराह्न 04:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित किया जाना है। प्राप्त अल्पकालीन कोटेशन को दिनांक–03.01.2025 को ही अपराह्न 05:00 बजे प्राप्त मोहर बंद कोटेशनों को संवेदक अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में अथवा उनके उपस्थित नहीं रहने की स्थिति में भी खोला जा सकेगा। इस कार्य हेतु केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा अद्यतन जारी दर तालिका से ज्यादा दर पर विचार नहीं किया जायेगा। यह कार्य पर्षद् की देख–रेख में किया जाना है, इसलिये स्थानीय NABL Accreditation प्राप्त प्रयोगशाला के कोटेशन को प्राथमिकता दी जायेगी।

किन्हीं कोटेशनों को नियमानुसार स्वीकार अथवा रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

Signed by
Neeraj Narayan
Date: 27-12-2024 17:28:50
(नीरज नारायण)
सदस्य सचिव।

प्रतिलिपि:–सूचना पट्ट एवं वेब साईट बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद्, परिवेश भवन, पाटलिपुत्र औद्योगिक क्षेत्र, सदाकत आश्रम, पटना–800 010.